पंजाब केसरी 28/12/2025

नशे के विरुद्ध जागरूकता वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : डॉ. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई इंट्रा कॉलेज ड्रग अवेयरनैस पावर प्वाइंट प्रेजैंटेशन प्रतियोगिता

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित इंट्रा कॉलेज ड्रग अवेयरनैस पावर प्वाइंट प्रेजैंटेशन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रोत्साहित करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 27 दिसम्बर (बलराम): छावनी में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में नशा उन्मूलन एवं जन-जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंट्रा कॉलेज ड्रग अवेयरनैस पावर प्वाइंट प्रेजैंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम एंटी ड्रग सैल, प्रहरी क्लब, रैडक्रॉस तथा समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा नशा मुक्त समाज की दिशा में सकारात्मक सोच एवं जिम्मेदार दृष्टिकोण विकसित करना था।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग करना समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है और यह केवल संस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक चेतना और सकारात्मक सोच के विकास के लिए निरंतर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है।

डॉ. रोहित दत्त ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा कॉलेज परिसर में एंटी ड्रग गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने पर बल दिया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे से जुड़ी गंभीर सामाजिक समस्याओं पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों तथा युवाओं और समाज पर इसके नकारात्मक प्रभावों को तथ्यात्मक एवं शोध आधारित ढंग से उजागर किया। सभी प्रस्तुतियां जागरूकता से परिपूर्ण रहीं, जिनसे विद्यार्थियों की सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।